# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- किसानों के लिये केन्द्र सरकार शुरू करेगी **पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास** और **कृषोन्नति** योजना। दोनों योजनाओं पर एक लाख करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि होगी खर्च।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर नगर निगम के बेड़े में शामिल नये वाहनों को किया रवाना। सुदृढ़ होगी सफाई व्यवस्था।
- प्रदेश की दस विधानसभा सीटों पर सात दिसंबर से पहले होंगे उपचुनाव। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुरू की तैयारियों की समीक्षा।
- अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मंदिर के शिखर का निर्माण कार्य शुरू। चार महीने में बनकर तैयार हो जायेगा एक सौ इकसठ फिट ऊंचा शिखर।

**********

किसानों की आमदनी बढ़ाने और मध्यम वर्ग के लिए खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने का फैसला लेते हुए केन्द्र सरकार ने कृषि से संबंधित दो योजनओं को मंजूरी दी है। इनमें पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषोन्नति योजना शामिल है। कल आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि राज्यों के साथ मिलकर केन्द्र सरकार इन दोनों योजनाओं पर एक लाख करोड़ रूपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। इसमें पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना पर सत्तावन हजार चौहत्तर करोड़ बहत्तर लाख रूपये और कृषोन्नति योजना पर चौवालीस हजार दो सौ छियालीस करोड़ नवासी लाख रूपये खर्च होंगे। बैठक में एक अन्य प्रमुख फैसले के तहत रेलवे कर्मचारियों को आने वाले त्यौहारों के पहले अठहत्तर दिनों का बोनस देने का निर्णय किया गया है। इसके तहत कर्मचारियों को अधिकतम सत्रह हजार नौ सौ इक्यावन रूपये मिलेंगे। इसका फायदा ग्यारह लाख बहत्तर हजार दो सौ चालीस कर्मचारियों को मिलेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर नगर निगम के बेड़े में शामिल हुए पन्द्रह नये वाहनों को रवाना किया। इनमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के अलावा बैंडीकोट रोबोट और विदेश से मंगायी गयी डी–वाटरिंग फीकल स्लज, सेफ्टी मशीन भी शामिल है। यह मशीन घरों के सेप्टिक टैंक की सफाई के काम आयेगी, जो कचरे को अलग कर गंदे पानी को भी साफ करने का काम करेगी। इसी तरह रोबोट से मैनहोल की सफाई होगी। गोरखपुर के पार्क रोड पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महिलाओं की सहूलियत के लिये नगर निगम प्रशासन की ओर से कबाड़ हो चुकी बसों का जीर्णोद्धार कर के बनाये गये पिंक टॉयलेट का भी लोकार्पण किया। इन बसों में पीछे की ओर पिंक टॉयलेट और आगे की ओर कैफे की सुविधा विकसित की गयी है। इनके संचालन की जिम्मेदारी स्वयंसहायता समूह की महिलाओं को दी गयी है।

**********

प्रदेश में दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव सात दिसंबर से पहले सम्पन्न कराए जाएंगे। अयोध्या में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिये अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने बताया कि चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सात दिसम्बर से पहले रिक्त सीटों पर चुनाव कराना आवश्यक है, इसलिए भारत निर्वाचन आयोग जल्द ही तिथियों की घोषणा कर सकता है।

***चुनाव की पूरी तैयारियां हो चुकी है। मशीनें हमारी तैयार है उनकी चेकिंग वगैरह कर ली गयी और आरओ की ट्रेनिंग हमने दे दी है और पोलिंग स्टेशन सब तैयार है। अब केवल हम इंतजार कर रहे हैं भारत निर्वाचन आयोग जब चुनाव कार्यक्रम घोषित करेगा। हम एक्सेप्ट कर रहे हैं की बड़ी ही जल्दी कार्यक्रम घोषित होगा क्योंकि सात दिसंबर से पहले पहले ये जो रिक्त हुई हैं सीटें वो भरी जानी है।***

**********

प्रदेश के आगरा, अलीगढ़ पैकेज दो के तहत हाथरस के असरोई गांव से यमुना एक्सप्रेस–वे के जंक्शन खण्डौली गांव तक सैंतीस किलोमीटर लम्बे खण्ड को फोरलेन बनाया जायेगा। इस पर एक हजार सात सौ छानबे करोड़ तेइस लाख रूपये खर्च होंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी साझा करते हुए लिखा है कि यह मार्ग अलीगढ़ से आगरा और अलीगढ़, हाथरस और आगरा जिले की बाहरी सीमाओं तक कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इसके फोरलेन बन जाने से दिल्ली–आगरा और ग्रेटर नोएडा का ट्रैफिक लोड भी कम होगा।

**********

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर प्रदेश के हर मंडल में इस तरह के आयोजन किये जायेंगे। पांच मंडलों ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली और आगरा में इन ट्रेड शो के आयोजन की तैयारी की जा रही है। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कल लखनऊ में कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लोगों ने काफी पसंद किया।

***छोटे–छोटे जो हमारे प्रोडक्ट बनाने वाले थे ओडीओपी के लोग थे उनको इतना उत्साह रहा इस कार्यक्रम में निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में इस कार्यक्रम के द्वारा उत्तर प्रदेश की पहचान होगी और हमारे जो हस्तशिल्पी है एसएसएमई है इसके उत्पाद को एक बड़ा बाजार हमारी सरकार ने दिया है जिससे हमारी वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी जो माननीय मुख्यमंत्री जी का सपना है इसमें भी हमें सफलता मिलेगी। इस तरह के ट्रेड शो मंडल स्तर पर करे हम उस पर भी कार्य योजना बना रहे हैं।***

उन्होंने बताया कि इस वर्ष करीब सवा चार लाख प्रतिभागियों ने ट्रेड शो में हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में अड़तालीस दशमलव नौ एक प्रतिशत अधिक है। श्री सचान ने कहा कि इस आयोजन ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है।

**********

अयोध्या में कल से श्री राम मंदिर के शिखर निर्माण का काम शुरू हो गया। एक सौ इकसठ फीट ऊंचाई वाले इस शिखर का निर्माण कार्य चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मंदिर समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि परिसर में बन रहे सप्त मंदिर के निर्माण में भी अब तेजी आ गई है। इसके अलावा मंदिर के सारे बचे हुए काम भी अगले चार महीने में पूरे कर लिए जाएंगे।

***मंदिर के सभी निर्माण कार्य जिसे पूर्ण होना है आगे आने वाले चार महीने में उन सब पर कार्य चल रहा है। सात ऋषियों मुनियों के मंदिर हैं उन कार्य में अब तेजी आ गयी है और हम आशा करते हैं कि आने वाले चार माह में उसका मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।***

**********

शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन आज शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां जगदम्बा के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा–अर्चना की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रदेश भर के शक्तिपीठो और देवी मंदिरों में मॉ भगवती का दर्शन पूजन कर रहे है। नवरात्र के पहले दिन कल से लोगों ने अपने घरो में भी कलश स्थापना कर के मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना शुरू कर दी है। प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचलधाम में कलश स्थापना के साथ ही कल से शारदीय नवरात्र मेला भी शुरू हो गया है। मेले की सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये हैं। उधर नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन शक्ति पीठ और महराजगंज जिले के आद्रवन स्थित लेहड़ा देवी मंदिर पर भी भोर से श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजन किया। सीतापुर जिले के नैमियषारण स्थित मॉ ललिता देवी मंदिर और सहारनपुर में शिवालिक पहाड़ियों पर स्थित मॉ शाकुम्भरी देवी मंदिर पर भी कल पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखनाथ मंदिर में कलश स्थापना कर के मां भगवती की आराधना की। इससे पूर्व उन्होंने कुसम्हीं जंगल स्थित बुढ़िया माई मंदिर पहुंच कर दर्शन–पूजन किया।

**********

अयोध्या में कल से रामलीला शुरू हो गई। इसमें बॉलीवुड के बयालीस से ज्यादा नामी कलाकार भाग ले रहे हैं। रामलीला का मंचन सरयू नदी के किनारे श्रीराम आडिटोरियम में किया जा रहा है। इस रामलीला में माता सीता की भूमिका मिस यूनिवर्स इंडिया दो हजार चौबीस रिया सिंघा निभा रही हैं, वहीं सांसद मनोज तिवारी, बाली और सांसद रविकिशन शुक्ल सुग्रीव की भूमिका निभा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.......

***रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में फिल्मी हस्तियों की रामलीला हो रही है। इस वर्ष फिल्मी सितारों से सजी रामलीला देखने को लिए दर्शकों में अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। इस रामलीला में कई फिल्मी कलाकार अहम किरदारों में नज़र आ रहे हैं। पद्मश्री मालिनी अवस्थी माता शबरी की भूमिका निभा रही हैं तो भगवान शंकर की भूमिका में बिंदु दारा सिंह नज़र आ रहे हैं। रज़ा मुराद को इस रामलीला में केवट की भूमिका में देखा जा सकता है। रामलीला में बीच–बीच में जयश्री राम का उद्घोष वातावरण को भक्तिमय बना रहा है, तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।***

**********

नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद संतकबीरनगर जिले के मेहदावल तहसील क्षेत्र से होकर बहने वाली राप्ती नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। जलस्तर बढ़ने से करमैनी, बेलौली तटबंध पर दबाव बढ़ने के साथ ही कई गांवों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है।

**********